Title : Need to grant classical language status to Maithili Language-Laid

श्री गोपाल जी ठाकुर **(दरभंगा) :** मैथिली भाषा की एक समृद्ध लिपि परम्परा है और करोड़ों लोगों की मातृभाषा है । यहां तक कि झारखंड राज्य की द्वितीय राजकीय भाषा मैथिली है । 2003 में परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में भारत सरकार ने मैथिली भाषा को अष्टम अनुसूची में शामिल करके इस भाषा की महत्ता को स्वीकार किया है ।आज मैथिली भाषा ना केवल शिक्षा का माध्यम है अपितु शासन और प्रशासन की भी भाषा है । मैथिली भाषा शास्त्रीय भाषा का दर्जा पाने हेतु सभी मापदंडों को पूर्ण करती है । इस भाषा की प्राचीन साहित्यिक विरासत है,यह भाषा सांस्कृतिक रूप से समृद्ध है । इस की अपनी भाषाई स्वतंत्रता है और इसका अपना ऐतिहासिक महत्त्व है । मैथिली भाषा का इतिहास अति प्राचीन है जो ॠगवेद युगीन काल तक जाता है । मेरी माननीय गृह मंत्री जी से मांग है कि मैथिली भाषा को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता दी जाय और जिससे भाषाई एवं सांस्कृतिक विरासत का सम्मान, संरक्षण एवं संवर्धन होगा और साथ-साथ करोड़ों मिथिलावासियों को गौरवान्वित महसूस होने का अवसर प्राप्त होगा ।

________

माननीय सभापति **:** सभा की कार्यवाही गुरुवार, दिनांक 28 नवंबर, 2024 को प्रात: ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

**<u>12.09 hrs</u>**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*

*on Thursday, November 28, 2024/ Agrahayana 7, 1946 (Saka)*

_______

__________

## INTERNET

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website at the following address:

www.sansad.in/ls

## LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

---

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business

in Lok Sabha (Seventeenth Edition)

---

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.